Jaipur: छापेमारी में 1100 किलो नकली पनीर बरामद



जयपुर: राजधानी जयपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 1100 किलो मिलावटी पनीर पकड़ा गया है। जो बाजार में ढाबों और रेस्टोरेंट में 190 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से सप्लाई किया जाना था। जयपुर सीएमएचओ डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की सेंट्रल टीम और जयपुर सीएमएचओ की टीम ने पहली कार्रवाई दिल्ली बाइपास स्थित मनोहरपुरा पर की गई,जबकि दूसरी कार्रवाई झोटावाड़ा स्थित एक गोदाम पर की गई। दोनों जगह मिले 1100 किलो पनीर को नष्ट करवाया गया।

**Source:** https://jantaserishta.com/local/rajasthan/jaipur-1100-kg-of-fake-cheese-recovered-in-raid-jaipur-1100--3626240